आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 25.07.2026 समय : 02.10 PM

**पीएम - वीडियो**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए नया विधेयक संसद के मौजूदा सत्र में अगले सप्ताह पेश किया जाएगा। आपको बता दें कि इस विधेयक के मसौदे को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। बीती रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के साथ उनका रिश्ता, विश्वास और सहयोग पर आधारित है और यह जुड़ाव आगे भी लगातार मजबूत होता रहेगा।

**सीएम-छात्र**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार शिक्षक और विद्यार्थी वर्ग के कल्याण से जुड़े सभी विषयों पर अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है। आज भोपाल में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विद्यार्थियों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश वो राज्य है, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश में सबसे पहले लागू की गई और पिछले ढ़ाई साल के कार्यकाल में राज्य सरकार ने तीन नए शासकीय विश्वविद्यालय प्रारंभ किए हैं।

**दतिया उपचुनाव**

दतिया विधानसभा उप - चुनाव के लिए प्रचार अंतिम चरण में पहुंच चुका है। भारतीय जनता पार्टी ने आशुतोष तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस ने घनश्याम सिंह को नामांकित किया है। वहीं आजाद समाज पार्टी ने दामोदर सिंह यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। सभी तीन उम्मीदवार अपने समर्थन में वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं के घर-घर जा रहे हैं और जनसाभाएं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दतिया जाएंगे। वे जनसभाओं संबोधित करेंगे। डॉ. यादव यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और व्यापारिक सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।इससे पहले शुक्रवार को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में दतिया के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उधर कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रचार की कमान संभाले हुए हैं।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 136वां एपिसोड कल प्रसारित होगा। यह कार्यक्रम हमेशा की तरह सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी, दूरदर्शन और अन्य डिजिटल नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आमतौर पर राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, नवाचार, खेल और पर्यावरण जैसे विषयों पर बात करते हैं। वे देश के कोने-कोने में समाज सेवा कर रहे गुमनाम नायकों के प्रेरणादायक विचारों को भी देश के सामने रखते हैं।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। आज प्रदेश के 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि करीब 20 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, रायसेन से हमारे संवाददाता ने बताया है कि सेमरी नदी के तेज बहाव में बहे युवक का 3 दिन बाद शव मिला है। यहां तीन दिन से युवक की खोज के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था।

**संक्षिप्त समाचार**

1- आगरमालवा जिला पंचायत सीईओ द्वारा कल जिले की ग्राम पंचायत तनोडिया, पिपलोनकला, मदकोटा एवं सुदवास में विभिन्न योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थल पर जाकर जायजा लिया गया।

2- झाबुआ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने विकासखंड झाबुआ के ग्राम करडावद खुर्द एवं अमरपुरा में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस कार्यक्रमों का संयुक्त निरीक्षण किया।

3- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज कटनी जिला अस्पताल में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

4- सिंगरौली नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत नोटिस तामील कर बड़े बकायादारों से वसूली के निर्देश दिए।

5- भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैच की श्रृंखला का दूसरा टी-20 इंटरनेशनल मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे शुरू होगा।